प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 नवंबर 2022

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई), दूसरी तिमाही: 2022-23

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस प्रमुख शहरों (अर्थात, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई) में पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों के आधार पर, 2022-23 की दूसरी तिमाही के लिए अपना त्रैमासिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[1] (आधार: 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-श्रृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics > Real Sector > Price & Wages> Quarterly) पर उपलब्ध हैं।

मुख्य बिन्दु:

- अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में 2022-23 की दूसरी तिमाही में 4.5 प्रतिशत वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जो पिछली तिमाही में 3.5 प्रतिशत और एक वर्ष पहले 2.4 प्रतिशत पर थी। एचपीआई में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही - यह 11.1 प्रतिशत (कोच्चि) की वृद्धि से लेकर 4.1 प्रतिशत (जयपुर) संकुचन तक रही।
- क्रमिक (तिमाही- दर- तिमाही) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में 2022-23 की दूसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी; जबकि अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई और जयपुर के सूचकांक में क्रमिक संकुचन दर्ज किया, शेष शहरों के लिए इसमें वृद्धि दर्ज की गई।



(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1257

[1] सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में संकलित एचपीआई के संकलन की पद्धति कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अक्टूबर 2014 के अंक में प्रकाशित आलेख "आवास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14" (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx) पर देखें।